Information document

## प्रबन्धक, किसान जूनियर हाईस्कूल, कोटवाल आलमपुर नारसन (हरिद्वार)।

विज्ञापन सं०-01/2025 — दिनांक-18.04.2025

माननीय उच्च न्यायालय नैनीताल उत्तराखण्ड में योजित रिट याचिका सं० 1666/एम०एस०/2024 में मा० न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 03.12 2024 के अनुपालन में जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा०शि०) हरिद्वार के पत्रांक 118/ न्याया०वाद०/ 2024-25 दिनांक 07 अप्रैल 2025 के द्वारा प्रदत्त अनुमति के क्रम में निम्न विवरणानुसार रिक्त पदों पर अर्ह महिला/ पुरुष अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र0 सं0 | पदनाम व वेतनक्रम | पदों की सं० व आरक्षण की स्थिति | शैक्षणिक योग्यता, अर्हता व आयु |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रधानाध्यापक | 01 पद, (अनारक्षित)<br>वेतनमान-(47,600-1,51,100 लेवल-8) | राजकीय शिक्षक स०अ० (उच्च प्राथमिक विद्यालय), एवं उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा अधिनियम 2006 एवं प्रख्यापित विनियम 2009 (समय-समय पर यथा संशोधित) एवं संशोधित अधिसूचना माध्यमिक शिक्षा अनुभाग-4 सं० 531/XXIV-4-/2017 -1 (01)/2016 देहरादून दिनांक 25 अप्रैल 2018 व समय-समय पर जारी शासनादेशानुसार। |
| 2 | सहायक अध्यापक | कुल-04 पद<br>01 पद अंग्रेजी (अनुसूचित जाति),<br>01 पद हिन्दी (अनारक्षित),<br>01 पद सामाजिक विज्ञान (अनारक्षित)<br>01 पद गणित/विज्ञान (अनारक्षित)<br>वेतनमान-(44,900-1,42,000 लेवल-7) | |
| 3 | सहायक लिपिक | 01 पद (अनारक्षित)<br>वेतनमान-(21,700-69,100 लेवल-3) | |

1. प्रधानाध्यापक/ सहायक अध्यापक के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा०शि०), हरिद्वार से रू० 300 का रेखांकित पोस्टर आर्डर या बैंक ड्राफ्ट जो जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा०शि०), हरिद्वार के नाम से हो और डाकघर/ बैंक रोशनाबाद, हरिद्वार में देय हो, जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।
2. सहायक लिपिक के रिक्त पद पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र कार्यालय प्रबन्धक किसान जू०हा०स्कूल कोटवाल आलमपुर नारसन हरिद्वार से रू० 300 का रेखांकित पोस्टर आर्डर या बैंक ड्राफ्ट जो संस्था के नाम से हो और डाकघर/बैंक झबरेडा, नारसन हरिद्वार में देय हो, जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं।
3. प्रधानाध्यापक/ सहायक अध्यापक के रिक्त पदों पर पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 3 सप्ताह के भीतर जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा०शि०), हरिद्वार के कार्यालय में पंजीकृत डाक से जमा किये जा सकेंगे।
4. लिपिक के पद पर पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 3 सप्ताह के भीतर प्रबन्धक किसान जू०हा० स्कूल कोटवाल आलमपुर नारसन), हरिद्वार के कार्यालय में पंजीकृत डाक से जमा किये जा सकेंगे।
5. निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र, अपूर्ण या त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। सभी शैक्षिक/ प्रशिक्षण व अन्य प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियां जो आवश्यक रूप से स्वप्रमाणित हो, आवेदन पत्र के साथ संलग्न की जानी आवश्यक होगी। उक्त पदों हेतु आवेदक को उत्तराखण्ड का स्थाई निवासी होना चाहिए। लिपिक पद हेतु हिन्दी टाईपिंग में न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट की गति होनी आवश्यक है।
6. आवेदक को उत्तराखण्ड सेवायोजन कार्यालय द्वारा जारी वैद्य पंजीकरण प्रमाण-पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है। आवेदन के पूर्व से सेवायोजित होने की स्थिति में सम्बन्धित विभाग/ संस्था का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है। प्रधानाध्यापक पद पर आवेदन हेतु अभ्यर्थी के पास जूनियर हाईस्कूल में अध्यापक के पद पर कार्य करते हुए पांच वर्ष का शिक्षण अनुभव या किसी मान्यता प्राप्त प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत रहते हुए पांच वर्ष का प्रशासनिक अनुभव होना चाहिए।
7. आवेदन पत्र के लिफाफे के बायीं ओर पदनाम एवं दायीं ओर विद्यालय का नाम अंकित होना चाहिए। आवेदन पत्र के साथ केवल वांछित योग्यता/ अन्य प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां संलग्न की जाये। पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन संख्या 414 दिनांक 02 जुलाई 2022 के क्रम में जिन अभ्यर्थीयों के द्वारा आवेदन किये गये हैं मान्य होंगे।
8. यह नियुक्ति प्रक्रिया मा० उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड में योजित रिट याचिका सं0-2839/M.S/2023 में पारित अंतिम निर्णय के अधीन होगी।

**प्रबन्धक: किसान जूनियर हाईस्कूल कोटवाल आलमपुर नारसन (हरिद्वार)**

Please verify all job details directly with the employer. We are not responsible for any discrepancies